Dr. Sangita Kumari Saha
B.A. D-III (H) Vth paper.

Continue....

## Level of Measurement

Social Science में Measurement का महत्व आजकल काफी बढ़ गया है। किसी नियम के अनुसार अंकों की Assignment की प्रक्रिया को ही मापन कहा जाता है। Stevens के अनुसार मापन के चार स्तर है। इन चारों स्तरों के अंकों की Assignment करने के अलग-अलग नियम है। और प्रत्येक के लिए सांख्यिकी विधियाँ अलग-अलग है। मापन के चार स्तर इस प्रकार है:-

### (1) Nominal or classificatory Scale:-

वर्गात्मक मापनी वह है जहाँ अंकों या कुछ प्रतीकों का प्रयोग वस्तुओं या व्यक्तियों को सिर्फ वर्गीकरण करने या समूहों को पहचानने के लिए किया जाता है। व्यक्तियों का वर्गीकरण Male तथा female में, छात्रों का कक्षाओं में, वस्तुओं का रंगों में, मानसिक स्थिति के अनुसार व्यक्तियों का वर्गीकरण मनःस्नायु विकृति तथा मनोविक्षिप्त में वर्गात्मक मापनी के कुछ उदाहरण है। नामित मापनी द्वारा वस्तुओं या व्यक्तियों के वर्गों को उपवर्गों में विभाजन किया जाता है। नामित मापनी पर Mode, Coefficient of Contingency आदि जैसे सांख्यिकी का प्रयोग होता है।

### (2) Ordinal or Ranking Scale:-

क्रमसूचक मापनी वह है जहाँ तथ्यों एवं वस्तुओं को उस क्रम में रखा जाता है कि कोई एक तथ्य या वस्तु मापित किए जाने वाले गुण का अधिक प्रतिनिधित्व करता है।